तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

पांचवें दिन आचार्य ने सुनाई शिव व सती विवाह की कथा

4



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की विशेष बैठक आज

**सक्ती।** जिला पंचायत सक्ती में सामान्य सभा की विशेष बैठक 13 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन सोमवार को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सक्ती के सभा कक्ष में किया जाएगा। बैठक के एजेंडावार विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन 15 को

**जांजगीर - चाम्पा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर भाजपा का जांजगीर-चांपा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन 15 अक्टूबर को होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा स्तरीय सम्मेलन दोपहर 1:30 बजे से जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में होगा। सम्मेलन में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

### महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधी कार्यशाला

**जांजगीर-चांपा।** पोषण अभियान, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत एवं अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मेगा हेल्थ कैम्प, महिला सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोहन कुमारी, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी राजवाड़े, पूर्व जनपद अध्यक्ष नवागढ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति जांजगीर की सदस्य श्रीमती उषा शांडिल्य, विषय विशेषज्ञ संचालनालय महिला एवं बाल विकास विपिन ठाकुर, श्रीमती संगीता पाण्डेय, राजकुमार शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बड़ी संख्या में बालिकाएं व महिलाएं उपस्थित थे। कार्यशाला में आंगनबाड़ी केन्द्र के बालक-बालिकाओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्कूली बालिकाओं द्वारा भी विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली छत्तीसगढ़ की नारी शक्तियों की वेषभूषा धारण कर मनोरम प्रस्तुति दी गई।

### गांव-गांव में हुआ दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन जिले के गांव-गांव में हुआ। कार्यक्रम में ग्राम की दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने "मेरी कहानी, मेरी जुबानी" के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। अकलतरा जनपद पंचायत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में आयोजित दीदी के गोठ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी एवं जनपद पंचायत अकलतरा अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया ने नवनिर्मित संकुल भवन का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त और मजबूत बन रही है और इससे गांव के विकास के साथ ही जिले का भी विकास हो रहा है। दीदी के गोठ रेडिया कार्यक्रम में अनिता बाई कश्यप ने बताई अपनी आत्मनिर्भता की कहानी बताई।

## किसानों की समस्या से जिम्मेदारों को नही कोई सरोकार

# धान की फसल पर आने लगी बालियां खेतों में घुसकर मवेशी पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खेत में लगे धान की फसल को चट करते मवेशी।

धान की फसल पर अब बालियां आनी शुरू हो गई है। वही मवेशी धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। इस समस्या से जिम्मेदारो को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है। इधर गौठान बंद होने के बाद से ही मवेशी खुले में विचरण करते देखे जा सकते है।

गौरतलब है कि अक्टुबर महीने से धान की फसल पर बाली आनी प्रारंभ हो जाती है। वही कई जगहो पर तो दिपावली मनाने के बाद धान की कटाई भी शुरू हो जाती है। इधर धान की फसल पर बालिया तो आ गई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में मवेशी धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। इसे लेकर जिम्मेदार एवं पशु पालको को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है। पूर्व में तत्कालिन कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित गौठान भी अब बंद हो चुके है। जिसके कारण आवारा मवेशी रात के समय जहां गांव के गली मोहल्ले में जाकर रहते है। इसके बाद सुबह होते ही धान की फसलो को चौपट करने के लिए खेतो तक पहुंच जा रहे है। किसानो के द्वारा जांजगीर चाम्पा जिले मे बडे पैमाने पर धान की फसल लगाई है। वही इसके लिए किसान दिन रात मेहनत भी करते है। लेकिन आवारा मवेशियो के द्वारा धान की फसलो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसके चलते किसानो की दिक्कते और भी बढ गई है। इस तरह की समस्या मेंहन्दा, कुथुर, कुटरा, धाराशिव, कमरीद, दर्राभाठा सहीत अन्य क्षेत्रो के किसानो को हो रही है। जिसके कारण किसानो की परेशानी और भी बढ गई है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार प्रतिनिधी एवं अधिकारी भी ध्यान तक नही दे रहे है। इसके अलावा बडे पैमाने पर मवेशी रात के समय सडको पर आकर इक्ट्ठा हो जा रहे है, जिसके चलते ना केवल आने जाने वाले लोगो को परेशानी उठानी पड रही है। ब्लकि हर पल हादसो की संभावना भी बनी रहती है। इस तरह की स्थिती जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा रोड, खोखसा ओवरब्रीज, गेमन पुल, शारदा चौक, बरपाली चौक, नैला रोड सहीत अन्य स्थानो पर लगातार देखने को मिल रही है।

### क्या कहते हैं किसान

कृषक चेतना मंच के सहसंयोजक संदीप तिवारी का कहना है कि किसानों ने कई तरह की परेशानी झेलकर धान की फसल तैयार की है। धान की फसल पर अब बाली आने लगी है। वहीं मवेशी धान की फसलो को नुकसान पहुंचा रहे है। इस मामले को लेकर जनप्रतिनिधी एवं प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। इसी तरह की बातें किसान जगन्नाथ कश्यप एवं उमाशंकर कश्यप ने भी कही। उनका कहना कि किसान कडी मेहनत करके धान की पैदावार करते है। वही उनके मेहनत पर मवेशी पानी फेर रहे है। इस समस्या को लेकर गांव के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो को ध्यान देना चाहिए।

# युवक जा रहा था मंदिर, चार पहिया वाहन में कर लिया अपहरण, भागकर पहुंचा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उपचार करते हुए चिकित्सक।

एक युवक सुबह मंदिर जाने के लिए निकला था, जहां मंदिर के समीप पहुंचा था कि एक चारपहिया में सवार युवक पीछे से पहुंचे उसका अहरण कर जंगल ले गए थे, जहां उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। युवक किसी तरह भागकर अपने घर पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अपहरण की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और पुलिस की टीम मामले की तस्दीक कर रही है। हालांकि पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक मामले में कुछ सामने नहीं आया है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा।

**खास बातें**

- पुलिस की टीम जुटी मामले की जांच में, जांच के बाद ही मामले का होगा खुलासा
- मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आरएसएस नगर की बतायी जा रही घटना


जानकारी के अनुसार रविशंकर शुक्ल नगर स्थित राठौर स्ट्रीट में निवासरत देवेश सिंह उम्र 34 वर्ष पिता स्व. विजय सिंह का परिवार निवास करता है। बताया जाता है कि देवेश रविवार की सुबह लगभग 9.30 बजे रविशंकर शुक्ल नगर स्थित मंदिर जा रहा था कि पीछे से एक चारपहिया वाहन में कुछ पहुंचे और उसे उठाकर अपने साथ जंगल ले गए थे, जहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे थे कि देवेश युवकों के कब्जे से छुड़ाकर भागकर अपने घर पहुंचा था और इसकी जानकारी अपने परिजन व पुलिस को दी थी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था। अपहरण की सूचना पाते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का व सिविल लाईन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने देवेश का बयान दर्ज किया और बयान के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो दिन पहले ही युवक के साथ हुई थी लूटपाट

उल्लेखनीय है कि राठौर स्ट्रीट में निवासरत देवेश की मां की तबियत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर लेकर गए हुए थे इस बीच देवेश सिंह शुक्रवार को घर पर अकेले मौजूद था। शाम लगभग 4 बजे दो युवक टहलते हुए राठौर स्ट्रीट पहुंचे थे जहां उसका सामना देवेश सिंह से हुआ। किराये का मकान लेने के संबंध में उससे पूछताछ करते-करते उसके घर जा पहुंचे और मकान देखने के बहाने उसके घर में घुसकर पहले देवेश सिंह की जमकर उन्होंने पिटाई की और अलमारी में रखे देवेश के मां की कंगन, बाली व 4 हजार रुपए नगद लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस इस मामले की पड़ताल में जुटी हुई थी कि फिर से देवेश का फिर से अपहरण कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि देवेश ने जो बयान पुलिस दिया है वह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। जांच के बाद ही मामला दूध का दूध पानी का पानी हो सकेगा।

# स्मार्ट मीटर बना परेशानी का कारण अधिक बिल आने से उपभोक्ता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



घर में लगा स्मार्ट मीटर।

शिवरीनारायण नगर में हाल ही में लगाए गए स्मार्ट मीटर आम जनता के लिए सिरदर्द बन गए हैं। पहले जहां 300 से 400 रुपए का बिजली बिल आता था, वहीं अब यह बढ़कर 1200 से 1500 रुपए तक पहुंच रहा है। बढ़ती महंगाई के इस दौर में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह बिल भरना मुश्किल हो गया है।

**खास बात**

- गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह बिल भरना हो रहा मुश्किल

उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर से आम मीटर की तुलना में 800 से 1000 रुपए अधिक बिल आ रहा है। साथ ही, मीटर में लगी चार लाइटों का बिल भी उन्हें देना पड़ रहा है। जबकि यह तक पता नहीं कि ये लाइटें किसी काम की हैं या नहीं। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर सुविधा के नाम पर लूट का साधन बन गया है। शिवरीनारायण और खरौद क्षेत्र के नागरिकों ने एक माह पूर्व बिजली कार्यालय का घेराव कर इस समस्या के समाधान की मांग की थी। अधिकारियों ने सुधार का आश्वासन तो दिया पर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट मीटर सुविधा का नहीं, मुसीबत का प्रतीक बन चुका है, जो जनता की जेबें खाली कर रहा है और उनकी परेशानियों में लगातार इजाफा कर रहा है और हर बार बिजली का बिल पहले के मुताबिक बढ़कर ही आता है। इधर अधिक बिल आने से घर का बजट बिगड़ रहा है।

### बिजली की आवाजाही से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी परेशान हो रहे है। सुबह से लेकर शाम तक कई बार बिजली गुल हो रही है। एक बार जब बिजली गुल होती तो घंटेभर बाद बहाल होती है। इस तरह की स्थिति पूरे दिन बनी रहती है। पिछले कुछ दिनों मौसम ने फिर से अपना मिजाज बदला है। इसके साथ ही बिजली की परेशानी भी शुरु हो गई है। बारिश होते ही शहर की विद्युत व्यवस्था ने जवाब दे रही है। अलग अलग मोहल्लों में सुबह से लेकर देर शाम तक बिजली की आंख मिचौली चल रही है। बिजली के अभाव लोग हलाकान हो रहे है। शाम के बाद बिजली गुल होने के कारण शहरवासी डर के कारण घर से बाहर नहीं निकलने से कतरा रहे है। उन्हें जहरीले सांप-बिच्छु का डर सता रहा है।

# हादसों के शिकार लोगों की मदद के लिए बनाए जा रहे सड़क सुरक्षा मितान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सड़क सुरक्षा मितान को मेडिकल कीट देता पुलिस स्टाफ।

सड़क दुर्घटना में घायलों की तत्काल मदद के लिए जिले में सड़क सुरक्षा मितान बनाए जा रहे हैं। घायलों के प्राथमिक उपचार के लिए सड़क सुरक्षा मितानों को मेडिकल किट बांटी गई। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 अक्टूबर को सभी थाना व चौकी क्षेत्र के गांव में राहवीर योजना के तहत लोगों को जागरूक किया गया। अलग अलग जगहों से लगभग 12 सौ लोग राहवीर योजना के कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसको आवश्यक जानकारी दी गई। दुर्घटना में घायलों के तत्काल उपचार के लिए सड़क सुरक्षा मितानों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगो को बताया कि राहवीर योजना एक स्वैच्छिक नागरिक सहायता कार्यक्रम है। इसमें कोई भी आम व्यक्ति जो दुर्घटना के बाद घायल को सुरक्षित नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाता है, उसे 25 हजार रूपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। योजना का यह भी उद्देश्य है कि ऐसे नागरिकों को किसी तरह की कानूनी कर्रवाही या पूछताछ का सामना न करना पड़े। योजना का उद्देश्य गंभीर सड़क दुर्घटनों में पीड़ति व्यक्ति की तत्काल सहायता करके दुर्घटना के स्वर्णिम समय के भीतर अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचकर चिकित्सा उपचार प्रदान करना हैं ताकि जान बचाई जा सके। किसी दर्दनाक चोट के बाद 1 घंटे की अवधि में तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करके मृत्यु रोकने की सर्वाधिक संभावना होती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में जांजगीर चांपा जिला पुलिस द्वारा सबसे ज्यादा सड़क सुरक्षा मितान बनाकर वाट्सअप ग्रुप भी बनाया गया है।

- घायलों के तत्काल उपचार के लिए सड़क सुरक्षा मितानों को बांटी मेडिकल किट

### बाबा अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** भारत के महापुरुष के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फेसबुक पर बाबा अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देवव्रत उपाध्याय के द्वारा फेसबुक में भारत के महापुरुष संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था। मामले की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा पुलिस द्वारा धारा 299 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ा, जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अकलतरा भास्कर शर्मा, एएसआई बी पी खांडेकर, आरक्षक भूषण राठौर, जयप्रकाश रात्रे का योगदान रहा।

## रातभर चली रामायण भजनों की प्रस्तुति, नीलम सिंह यादव ने किया मंत्रमुग्ध

# कंधे पर दो वीर बिठाकर चले वीर हनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नैला में चल रहे नवधा रामायण में भजनों की प्रस्तुति देते जूनियर रविन्द्र जैन नीलम सिंह यादव।

नैला में चल रहे नवधा रामायण महोत्सव के तहत शनिवार 11 अक्टूबर की रात्रि में अशोकनगर (मध्यप्रदेश) से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक नीलम सिंह यादव (जूनियर रविंद्र जैन) ने अपनी मधुर वाणी में रामायण भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी। भजन सुनकर पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने हनुमान चालीसा से किया, जिसके बाद एक के बाद एक भजनों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने "कंधे पर दो वीर बिठाकर चले वीर हनुमान", "ऐसे भक्त कहां जग में", "ऐसी भगवान विधना तेरे लेख किसी के समझ ना आते हैं", और "जन-जन के प्रिया राम लखन सिया वन को जाते हैं" जैसे अमर भजनों की प्रस्तुति दी। उनके स्वर और संगीत ने ऐसा वातावरण निर्मित किया कि देर रात तक श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। नीलम सिंह यादव ने रामानंद सागर कृत रामचरितमानस के रविंद्र जैन द्वारा गाए प्रसिद्ध भजनों को अपनी शैली में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मानो उस युग में पहुंचा दिया। इसके साथ ही उन्होंने कृष्ण भक्ति से जुड़े भजनों और "राम तेरी गंगा मैली हो गई", "देर ना हो जाए कहीं देर ना हो जाए" जैसे गीतों से भी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम देर रात 1 बजे तक चला, जिसमें उपस्थित जनसमूह देर रात तक थिरकता और भक्ति रस में डूबा रहा। अगले दिन रविवार 12 अक्टूबर को भी सुबह 11 बजे से 12 बजे तक नीलम सिंह यादव ने अपने भजनों की विशेष प्रस्तुति दी, जिसने फिर से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप और समिति के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति की ओर से गायक नीलम सिंह यादव का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। भक्ति, संगीत और आस्था के संगम से सजा यह कार्यक्रम देर रात तक श्रद्धा और उल्लास का प्रतीक बना रहा।

# राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार में जिला व ब्लॉक की शिक्षा समिति के सभापति की हुई उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ब्लाक अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिकविद्यालय सकर्रा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार का भव्य आयोजन हुआ। इसमें जिले एवं ब्लाक के शिक्षा विभाग के सभापति को निमंत्रण देना तक जरूरी नहीं समझा गया। यहां तक की शिक्षा विभाग के सभापति को निमंत्रण नहीं दिया गया, जबकि ऐसे आयोजनों के माध्यम से जनप्रतिनिधि अपनी बात रखते हैं तथा बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी केवल विभाग की कार्यक्रम समझ बैठे हैं तथा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे है। यहां तक की विभाग द्वारा जिला स्तर के कार्यक्रम को जिले या ब्लॉक मुख्यालय में ना करवा कर गांव के स्कूल में करवा दिया गया यह भी चर्चा का विषय रहा। बता दे इस सेमिनार का विषय क्वांटम युग का आगाजः संभावनाएं और चुनौतियां था, जिसे राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT) छत्तीसग रायपुर द्वारा प्रायोजित किया गया था।इस प्रतियोगिता में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपने वैज्ञानिक सोच और प्रस्तुति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। काव्या जांगडे सेजेस जैजैपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। द्वितीय स्थान पर रही कु. गीता शा उ मा वि पोरथा कि विद्यार्थी रही। इस संबंध में जनपद उपाध्यक्ष एवं सभापति शिक्षा विभाग रितेश साहू का कहना है कि जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार में हमें निमंत्रण ही नहीं दिया गया जिससे हम उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इधर जिला शिक्षा अधिकारी कुमूदीनी बाघ द्विवेदी का कहना है कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में ब्लॉक के शिक्षा विभाग के सभापति को बुलाना चाहिए था। क्यों नहीं बुलाया गया इसकी जानकारी ली जाएगी।

## स्कूल के बच्चों से लेकर आमजन तक हो रहे परेशान

# चार महीने से ठप पड़ा है कोसाबाड़ी मार्ग का निर्माण, कीचड़, मलबे में फंस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से गुजरने वाला कोसाबाड़ी मार्ग बीते कई महीनों से बदहाल स्थिति में है। इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा लगभग 17 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। कोसाबाड़ी के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग का निर्माण कार्य जून के अंतिम सप्ताह में ठेकेदार द्वारा आरंभ किया गया था। लेकिन अब तक यह कार्य अधूरा ही पड़ा हुआ है।

ठेकेदार द्वारा कुछ दूरी तक लगभग सौ मीटर सड़क का आरसीसी निर्माण किया गया, किन्तु इसके बाद वर्षा प्रारंभ हो गई। बारिश के कारण निर्माण कार्य रोकना पड़ा और जो हिस्सा तैयार हुआ था, वह भी क्षतिग्रस्त हो गया। तब से लेकर अब तक, यानी चार महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य पूरी तरह ठप है। इस बीच, सड़क के किनारे डंप की गई निर्माण सामग्री अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। मिट्टी, गिट्टी और रेत के ढेरों के बीच से गुजरना मुश्किल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ जमा है, जिससे पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन निकालना भी जोखिमभरा हो गया है। यह कोसाबाड़ी मार्ग कटघोरा से जेन्जरा होते हुए कटघोरा बायपास को जोड़ता है। यह मार्ग आसपास के हुंकरा, मुडाभाटा, दर्राभाटा सहित कई ग्राम पंचायतों के लोगों के लिए मुख्य शॉर्टकट मार्ग है। लोग इसी रास्ते से कटघोरा बाजार और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचते हैं।मार्ग की दुर्दशा के कारण ग्रामीणों को अब लंबा रास्ता तय कर कटघोरा आना-जाना पड़ रहा है। त्योहारों का सीजन होने से लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई है, लेकिन सड़क की स्थिति ने सभी की मुश्किलें दोगुनी कर दी हैं। सबसे अधिक परेशानी उन स्कूली बच्चों को हो रही है, जो रोज़ाना इसी मार्ग से होकर कटघोरा के स्कूलों तक पहुंचते हैं। कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं। कई अभिभावकों ने बताया कि बरसात के दौरान कई बार बच्चों को फिसलकर गिरना पड़ा, वहीं अब सूखे मौसम में धूल और गिट्टी ने सफर को और भी मुश्किल बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुछ ही दिनों में काम फिर से शुरू नहीं हुआ तो वे लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।


अधूरी सड़क जिसमें पड़ी निर्माण सामग्री।

### ग्रामीणों की नाराजगी और मांग

ग्रामीणों का कहना है कि अगर नगर पालिका प्रशासन और ठेकेदार ने समय पर काम पूरा कर लिया होता, तो आज यह मार्ग सुगम यातायात का माध्यम बन चुका होता। अब स्थिति यह है कि न केवल निर्माण कार्य रुका है, बल्कि डंप की गई सामग्री ने रास्ते को और भी तंग बना दिया है। लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द ठेकेदार को निर्देशित करे ताकि सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो और इस बहुप्रतीक्षित मार्ग का जल्द समापन हो सके। इससे न केवल ग्रामीणों को राहत मिलेगी बल्कि कटघोरा नगर तक पहुंचना भी बेहद आसान हो जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका से आग्रह किया है कि त्योहारों के इस सीजन में लोगों को असुविधा से बचाने के लिए अस्थायी रूप से भी मार्ग को दुरुस्त किया जाए।

# दस माह में जिले के 18 फीसदी वाहन में लग पाई एचएसआरपी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य है, लेकिन 10 माह बीतने के बाद भी जिले में महज 18 प्रतिशत वाहनों में ही नई प्लेट लगी है। कार्यवाही में ढील की वजह से वाहन मालिक लापरवाही बरत रहे हैं।

### खास बात

- 2 लाख 65 हजार 812 वाहनों में से अब तक 45 हजार 653 वाहन में लगा एचएसआरपी

प्रदेश सरकार ने 10 माह पहले दिसंबर 2024 में सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया है। वैसे प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 के बाद खरीदे गए वाहनों के रजिस्ट्रेशन के साथ एचएसआरपी लग रहा था। वहीं उक्त अवधि से पहले खरीदे गए वाहनों में ही पुरानी प्लेट लगी है। सरकार ने एचएसआरपी लगाने अवधि तय की थी। जिले में नई प्लेट लगाने ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य क्षेत्र में फिटमेंट सेंटर खोले गए, जहां शुरुआत में वाहन मालिकों की ऐसी भीड़ थी कि पांव रखने की जगह नहीं रहती थी। भीषण गर्मी में भी लोग नई प्लेट लगवाने खड़े रहते थे, लेकिन अब स्थिति ऐसी है कि सेंटर अब खाली हैं। 10 माह के दौरान जिले में नई प्लेट लगाने के दायरे में आ रहे कुल 2 लाख 65 हजार 812 वाहनों में अब तक 45 हजार 653 वाहन अर्थात 18 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाया है। बाकी 82 प्रतिशत वाहन अब भी पुरानी नंबर प्लेट लगाकर चलाए जा रहे हैं। परिवहन विभाग ने तय अवधि के बाद कार्यवाही शुरू की थी तो फिटमेंट में लोग नई प्लेट लगवाने पहुंच रहे थे, लेकिन कार्यवाही में ढील देते ही लोग भी लापरवाही बरतने लगे हैं। डीटीओ विवेक सिन्हा ने कहा हैं की वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगाने पर कार्यवाही की जाएगी। वाहन मालिकों से अपील है कि चालानी कार्यवाही से बचने एचएसआरपी लगवाकर ही वाहन चलाएं।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल ने 37 लाख वर्ग फुट क्षेत्र को मुक्त करने का लक्ष्य किया निर्धारित

**कोरबा।** एसईसीएल ने अपने प्रचालनगत और प्रशासनिक स्थानों पर स्वच्छता, दक्षता और अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने के लिए एक व्यापक योजना के साथ अपना महत्वाकांक्षी विशेष अभियान 5.0 आरंभ किया है। अभियान के तहत, एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैले 203 चिन्हित स्थलों पर 37 लाख 50 हजार वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस पहल का उद्देश्य कार्यालयों, खदानों और कॉलोनियों में स्थायी हाउसकीपिंग कार्यप्रणालियां सुनिश्चित करना तथा कार्यस्थल की स्वच्छता और सौंदर्य में सुधार करना है। विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत प्रमुख लक्ष्य लगभग 37.5 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल वाले 203 स्थलों की सफाई और रखरखाव। लगभग 3 हजार मीट्रिक टन स्क्रैप सामग्री का सुरक्षित निपटान। 2 हजार वास्तविक फाइलों और 6 हजार 500 ई-फाइलों की विस्तृत समीक्षा। कंपनी के भीतर रचनात्मकता औरर चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों का निर्माण। यह अभियान प्रणालीगत फाइल समीक्षा और समापन के माध्यम से डिजिटल दस्तावेजीकरण कार्यप्रणालियों और कुशल परिसंपत्ति प्रबंधन के एकीकरण पर भी जोर देता है, जो स्वच्छता और शासन में दक्षता के लिए भारत सरकार के व्यापक विजन के अनुरूप है। पिछले वर्ष विशेष अभियान 4.0 के दौरान, एसईसीएल ने कई श्रेणियों में अपने लक्ष्यों को पार किया सफाई स्थलों की संख्या, खाली की गई जगह और स्क्रैप निपटान के मामले में सभी कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में कंपनी ने शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी ने लोक-संपर्क और दृश्यता में भी अग्रणी स्थान अर्जित किया, कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों में सबसे अधिक ट्वीट और प्रेस विज्ञप्तियां दर्ज कीं, जिससे अभियान के क्रियान्वयन और संचार में राष्ट्रीय स्तर पर एक मानक स्थापित हुआ।

### पुरानी बस्ती के स्कूल को मिली नई शिक्षिका



**कोरबा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अलगीडाँड़ में संचालित प्राथमिक शाला में कुल 63 बच्चे दर्ज है। ज्यादातर विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति परिवार से हैं। विद्यालय में विगत कई वर्ष से एकमात्र प्रधानपाठक श्री रघुवीर सिंह ही थे जो सभी विद्यार्थियों की कक्षाएं लेते थे। इस दौरान उन्हें बहुत परेशानियों का सामना भी करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से उनके विद्यालय में एक शिक्षिका पदस्थ हुई है। उनके पदस्थापना से उन्हें भी बहुत राहत मिली है। युक्ति युक्तकरण से पदस्थ शिक्षिका श्रीमती इंदु पैकरा ने बताया कि उनका नाम युक्तियुक्तकरण में आने के बाद उन्होंने 6 जून को विद्यालय में अपनी उपस्थिति दी। अब चार माह हो गए हैं। विद्यार्थियों के साथ घुल मिल गई है। विद्यार्थी भी उन्हें नई मैडम के नाम से जानते हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी अविनाश, अतुल, मुस्कान, मान्या, स्वाति, प्रियांशी ने बताया कि नई मैडम उन्हें पढ़ाती है। पहले बड़े गुरुजी अकेले पढ़ा रहे थे। विद्यार्थियों ने बताया कि नई मैडम खेल भी खेलाती है और बड़े होकर डॉक्टर, इंजीनियर बनकर देश का अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा भी देती है।

### रेत खदान आबंटन हेतु एमएसटीसी पोर्टल के प्रशिक्षण का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार खनिज साधन विभाग अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोली कर्ताओं का पंजीयन बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोली कर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना है। उपरोक्तानुसार गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु इच्छुक बोली कर्ताओं का प्रशिक्षण (बिलासपुर संभाग के लिये) 13 अक्टूबर को अपरान्ह 2 बजे से जल संसाधन विभाग बिलासपुर के प्रार्थना सभा भवन में आयोजित किया गया है। तदनुसार कोई भी इच्छुक व्यक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले सकता है।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपडा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे
2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते
999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

# बिजली कर्मियों के खाते में दीपावली के पहले आएगी बोनस की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों के लिए बोनस का ऐलान कर दिया है। बिजली कर्मचारियों को इस वर्ष अधिकतम 12 हजार रुपए तक बोनस मिलेगा। कंपनी के अधीन काम करने वाले नियमित, अस्थाई रूप से संविदा और ऐसे सभी कर्मचारी जिन्हें बिजली कंपनी की ओर से सीधे नियुक्त किया गया हो उनको बोनस मिलेगा। दिवाली के पहले ही बोनस का भुगतान कर दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार से पहले बोनस मिलने की खबर से कर्मचारी काफी खुश हैं।

एसईसीएल, एनटीपीसी और बालको जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को दशहरा उत्सव के दौरान ही बोनस का भुगतान कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बोनस का भुगतान नहीं हुआ था। कर्मचारी संगठनों ने बिजली कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर दीपावली के पूर्व बोनस भुगतान की मांग की थी। अब प्रबंधन की ओर से बिजली कर्मचारियों के लिए इस वर्ष अधिकतम 12 हजार बोनस राशि भुगतान का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का बोनस भुगतान करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जिसमें बोनस पात्रता, भुगतान दर और अधिकतम सीमा स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई है। यह आदेश शुक्रवार की शाम को जारी किया गया है। इन कर्मचारियों को मिलेगा बोनस का फायदाः छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड की ओर से जारी आदेश के अनुसार कंपनी के स्थायी, अस्थायी, संविदा एवं नियमित रूप से कार्यरत वे कर्मचारी, जिनकी पिछले वित्तीय वर्ष 2024-2025 में मूल वेतन, महंगाई भत्ता को मिलाकर मासिक वेतन 21 हजार रुपए है। वह कर्मचारी बोनस के लिए पात्र होंगे।

### खाते में आ जाएंगे पैसे

बिजली कर्मचारी संगठनों ने एनटीपीसी, बालको और एसईसीएल की तरह बिजली कंपनी में भी उत्पादकता आधारित बोनस लाभांश के दर पर बोनस भुगतान की मांग की थी। कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 30 हजार बोनस दिए जाने की मांग को लेकर बिजली कंपनी के अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था। हालांकि बिजली कर्मचारियों को पिछले वर्ष की तरह इस बार भी अधिकतम 12 हजार बोनस भुगतान का प्रबंधन की ओर से आदेश जारी किया। ज्यादातर कंपनियों में दशहरा और दीपावली के मौके पर बोनस दिया जाता है।

### दीपावली से पहले महंगाई भत्ता की मांग



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महासचिव आरसी चेट्टी ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष को पत्र लिखकर दीपवली के पूर्व बिजली कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता आदेश जारी करने की मांग की है। संघ ने चेयरमेन को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई 2025 से केन्द्रीय कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ता राहत में 3 प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी किया गया है। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों पेंशनरों को केन्द्र सरकार की घोषणा अनुसार महंगाई भत्ता राहत के भुगतान आदेश जारी किये जाने की परंपरा है। संगठन की मांग है कि विद्युत कंपनी के कर्मचारियों पेंशनरों को दीपावली पूर्व 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता राहत के भुगतान संबंधी आदेश जारी करें।

# छात्राओं के सशक्तिकरण हेतु सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रसेन कॉलेज में लायंस क्लब बालको एवं लायंस क्लब पावर सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सशक्तिकरण, आत्मविश्वास एवं मानसिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर डॉ. ए कौशिल उपस्थित रहे, जिन्होंने मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास पर प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम में गेस्ट ट्रेनर्स के रूप में प्रेमराज बंजारें तथा सुश्री ईशा सोनवानी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने न केवल आत्मरक्षा की तकनीकें सीखीं, बल्कि आत्मविश्वास, सुरक्षा और मानसिक सशक्तिकरण के महत्व को भी गहराई से समझा। लायंस क्लब बालको एवं लायंस क्लब कोरबा पावर सिटी ने इस पहल के माध्यम से समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# ग्रामीणों ने खदान के मुख्य द्वार में किया प्रदर्शन, कोल उत्खनन व परिवहन ठप

**कोरबा।** पोड़ीउपरोड़ा ब्लाक के कई गांवों के ग्रामीणों, स्थानीय मजदूरों एंव जनप्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर रानीअटारी, विजय वेस्ट माइंस के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने मुख्य द्वार को बंद कर दिया। जिसकी वजह से कोई भी अधिकारी व कर्मचारी खदान के भीतर प्रवेश नहीं कर पाए। जिसकी वजह से कोयला उत्पादन व परिवहन ठप्प रहा।

एसईसीएल के रानी अटारी विजय वेस्ट कोयला खदान से प्रभावित ग्रामीणों द्वारा खदान के मुख्य द्वार को बंद कर आंदोलन किए जाने की सूचना मिलने पर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी तथा पसान तहसीलदार विरेन्द्र कुमार श्याम मौके पर पहुंचे और आंदोलनरत ग्रामीणों से चर्चा की कोशिश की। हालांकि आंदोलनरत ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहे तथा धरना पर बैठने के साथ एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने बीते 25 सिंतबर को एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया था तथा इसका शीघ्र निराकरण करने की मांग रखी थी। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया था, लेकिन प्रबंधन द्वारा इसे नजरअंदाज कर दिया गया। जिससे आक्रोशित ग्रामीण ने पूर्व घोषणा के अनुसार शनिवार को पोड़ीउपरोड़ा ब्लाक सरपंच संघ अध्यक्ष प्रताप सिंह मरावी के नेतृत्व में एकत्रित हुए और सुबह 6 बजे रानीअटारी विजय वेस्ट माइंस पहुंचकर मुख्य द्वार को बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान खदान में प्रथम पाली में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वाहनों को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। जिससे कोयला खदान का उत्पादन तथा परिवहन संबंधी कामकाज ठप पड़ गया। ग्रामीणों तथा ठेका मजदूरों द्वारा खदान में प्रदर्शन किये जाने की जानकारी मिलने पर एसईसीएल के अधिकारी, पसान तहसीलदार समेत कोरबी पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और अपनी मांगों पर अडिग रहे।

### कार्यकर्ता व सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 3-3 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 8 अक्टूबर से मंगाया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं निर्धारित है। आवेदिकाओं को संबंधित वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र का नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

### बिजनेस प्लस

# कोरबा में सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** प्रदेश की ज्वेलरी मार्केट में नाम बना चुके सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का शुभारंभ शनिवार को पुराने कोरबा व्यवसायिक परिसर में किया गया। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स प्रबंधन उपस्थित थे। कोरबा शहर में ज्वेलरी मार्केट के बढ़ते क्रेज को देखते हुए नई रेंज की ज्वेलरी लेकर सुमित ज्वेलर्स के शोरुम की शुरुआत शनिवार को हुई। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स के संस्थापक और प्रबंधक अंकित कंकेरिया ने बताया कि 2005 में रायपुर से उन्होंने अपने ज्वेलरी शोरुम की शुरुआत की थी। इसके पीछे उनका उद्देश्य प्रदेश के ग्राहकों को ज्वेलरी मार्केट के क्षेत्र में नई रेंज और डिजाइन की ज्वेलरी उपलब्ध कराना रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते 20 वर्षों के दौरान प्रदेश के 4 बड़े शहर दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, राजिम में शुरु की गई है। कोरबा में उनकी यह पांचवीं ब्रांच है। कोरबा शहर के मार्केट में ज्वेलरी मार्केट की अलग पहचान बन चुकी है। शहर के ज्वेलरी पसंद ग्राहकों को सुमित ज्वेलर्स में हैवी और लाइट वेट के ज्वेलरी उपलब्ध रहेगी। इसमें नई डिजाईन और रेंज की ज्वेलरियों की प्रमुखता रहेगी। देश के महानगरों की तरह कोरबा शहर के ग्राहकों को भी अच्छी कीमत में ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी कई वैरायटी मौजूद रहेंगी। शोरुम के शुभारंभ अवसर पर सुमित ज्वेलर्स रायपुर ब्रांच के अर्पित कंकेरिया, कोरबा शहर के ब्रांच संचालक पारस जैन, प्रकाश जैन आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार उरांव पिता रजाऊ राम जाति उरांव ग्राम अड़भार तह. अड़भार जिला सक्ती (छ.ग.) का निवासी है कि आवेदक द्वारा अपने पिता रजाऊराम पिता घीसल ग्राम अड़भार तह. अड़भार जिला सक्ती (छ.ग.) का दिनांक 11/11/2005 को ग्राम अड़भार में मृत्यु होने के संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त विषय के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष दावा या आपत्ति नियत पेशी दिनांक 22/10/25 तक पेश कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा अथवा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अतः ईश्तहार आज दिनांक 06/10/25 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी अड़भार जिला सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैरोईड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# दिलजीत दोसांझ फिर इम्तियाज अली संग करेंगे फिल्म...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ गायकी के साथ-साथ अपनी एक्टिंग से भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। ताजा अपडेट है कि गायक प्रेम कहानी पर आधारित एक नई फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। जाहिर है कि दिलजीत और इम्तियाज इससे पहले फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए साथ आए थे। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म में दिलजीत के साथ परिणीति चोपड़ा नजर आईं थी। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बिना टाइटल वाली इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में पूरी करने के बाद, कास्ट और क्रू पंजाब के लिए रवाना हो गए हैं। दिलजीत के अलावा शरवरी, वेदांग रैना और नसीरुद्दीन शाह भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।

## लाइफ Style



# शरवरी
## अहान संग मचाएंगी धमाल

'सैयारा' अभिनेता अहान पांडे किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे। प्रशंसक उनकी नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ के होने की चर्चा है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म पर ताजा अपडेट आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बताया गया है कि ये एक्शन-रोमांस से भरपूर फिल्म होगी। अहान और शरवरी ब्रिटेन में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, अली अब्बास अगली फिल्म अहान और शरवरी के साथ शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग अगले साल मार्च, 2026 से शुरू की जाएगी। अहान और शरवरी की जोड़ी वाली ये फिल्म पहले से प्रशंसकों को उत्साहित कर रही है। अली अब्बास एक बार फिर आदित्य चोपड़ा के साथ निर्देशक के तौर पर अपनी एक्शन-रोमांस फिल्म पर काम शुरू कर रहे हैं।

अली अब्बास 'टाइगर जिंदा है', 'गुंडे', 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' और 'सुल्तान' जैसी हिट फिल्में बनाकर वह पहले ही प्रशंसकों से वाहवाही लूट चुके हैं। अब वो 5वीं बार यशराज फिल्म्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अहान इस वक्त अपनी डेब्यू फिल्म 'सैयारा' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। दूसरी तरफ शरवरी आगामी फिल्म 'अल्फा' की तैयारी में जुटी हुई हैं। यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस 7वीं किस्त में आलिया भट्ट भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी में पहनी थी लाखों की ड्रेस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका सेलेना गोमेज की शादी इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। इस जश्न में सेलेना की दोस्त और मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट भी शामिल हुईं। दिलचस्प बात ये है कि टेलर ने इस मौके पर करीब 33.7 लाख रुपये कीमत की ड्रेस पहनकर लाइमलाइट लूट ली। सुनहरी ड्रेस में गायिका बहुत खूबसूरत लगीं। उनकी ड्रेस में फ्लोरल एप्लिक और सेक्विन जड़े थे। इस ड्रेस को डिजाइनर ऑस्कर डे ला रेंटा ने डिजाइन किया है।



# करवाचौथ पर लगाई निक के नाम की मेहंदी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में प्रसिद्धि पा चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भले ही निक जोनस के साथ सीमा पार रहती हों, लेकिन भारतीय त्योहारों को वो पूरी शिद्दत से मनाना जानती हैं। 10 अक्टूबर को करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर प्रियंका ने भी पूरी तैयारी की थी। उन्होंने पति निक के नाम की मेहंदी अपने हाथों में रचाई। मेहंदी की तस्वीरें अभिनेत्री ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेहंदी की कुछ तस्वीरों साझा की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने अपने हाथ में लगी खूबसूरत मेहंदी की झलक दिखाई। उनकी हथेली पर लिखे 'निकोलस' नाम से प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया। बहुत कम लोगों को पता होगा कि निक का पूरा नाम 'निकोलस जेरी जोनस' है।



# 'महारानी-4' 7 नवंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की वेब सीरीज 'महारानी 4' का इंतजार काफी समय से था। निर्माताओं ने टीजर जारी करते हुए इंतजार खत्म कर दिया है। साथ में रिलीज की तारीख का खुलासा भी किया है। सोनी लिव ने 'महारानी 4' का टीजर इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की सुरक्षा करने आ गई है। महारानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार है।' 'महारानी 4' को 7 नवंबर से सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। 'महारानी 4' में हुमा फिर निडर नेता के किरदार में लौटी हैं। विपिन शर्मा और श्वेता बसु प्रसाद भी सीरीज का हिस्सा हैं। विपिन को नेता के किरदार में दिखाया गया है। अमित सियाल, विनीत कुमार, शार्दुल भारद्वाज, कनी कुसरुति और प्रमोद पाठक भी अहम किरदार में हैं।



# हार्दिक-माहिका एक साथ आए नजर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। काफी वक्त से उनका नाम माहिका शर्मा संग जुड़ रहा है। अब दोनों ने साथ आकर अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। ये पहला मौका है, जब हार्दिक और माहिका को मुंबई हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया। जब पैपराजी ने दोनों की तस्वीरें खींचने की कोशिश की तो हार्दिक ने माहिका को आगे जाने दिया। इसके बाद क्रिकेटर खुद भी चले गए। नताशा स्टेनकोविक से 2024 में अलग होने के बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश गायिका जस्मिन वालिया के साथ खूब उछाला गया था। हालांकि, हार्दिक ने कभी इन अफवाहों पर गौर नहीं किया और न कभी सफाई देना जरूरी समझा। अब लगता है कि क्रिकेटर को माहिका के रूप में अपना नया प्यार मिल गया है।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': शहबाज को ताने मिलने पर भावुक हुई शहनाज...

**मुंबई।** अभिनेत्री शहनाज गिल का उनके छोटे भाई शहबाज बदेशा के लिए प्यार किसी से छिपा नहीं है। शहनाज की बदौलत ही शहबाज को 'बिग बॉस 19' के घर में दूसरा मौका मिला था। शो के पिछले एपिसोड में शहबाज ने बताया था कि लोग उन्हें हमेशा ताने मारते हैं। उन्हें 'बहन के टुकड़ों पर पलने वाला' कहते हैं। उनके इस खुलासे के बाद शहनाज भावुक हो गईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर शहबाज के लिए एक पोस्ट साझा किया है।

***शहनाज ने लिखा भावुक पोस्ट :*** शहनाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'आप हमेशा मुझे बुराई से दूर रखते हैं, और हमेशा मेरा बचाव करते हैं।दुनिया नहीं जानती है, कि आपने मेरे लिये क्या-क्या किया है, लेकिन मैं जिंदगी भर आपके लिए सब कुछ करती रहूंगी...।' पोस्ट के साथ में, शहनाज ने 'लाल दिल' वाले इमोजी भी साझा किए हैं। अभिनेत्री की पोस्ट पर प्रशंसक भी उनका समर्थन कर रहे हैं, और शहबाज को मजबूत रहने की सलाह दे रहे हैं।

# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बुरा हाल, फ्लॉप होने की कगार पर फिल्म

**मुंबई।** धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। ये फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने सिर्फ 8 दिनों के अंदर दम तोड़ना शुरू कर दिया है।



फिल्म न तो अपना बजट निकाल सकी और न इसे बड़े सितारों के होने का फायदा मिल सका। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिस सुस्त गति से बॉक्स ऑफिस पर बढ़ रही है, उसे देखकर कहना गलत नहीं होगा कि ये बड़ी फ्लॉप साबित होने की कगार पर है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कुल 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 40.75 करोड़ रुपये हुआ है, जिससे साफ है कि 80 करोड़ रुपये का बजट निकालने के लिए इसे और मशक्कत करनी पड़ेगी। यूं तो शशांक खेतान के निर्देशन में बनी 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का जादू दर्शकों के सिर से उतरने लगा है, लेकिन जाह्नवी ने इसके जरिए एक रिकॉर्ड बना लिया है।

# तब्बू 27 साल बाद आईं नागार्जुन के साथ
## सुपरस्टार की 100वीं फिल्म में निभाएंगी अलग किरदार

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी अपनी 100वीं फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम 'किंग 100' बताया जा रहा है। साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी मशहूर नागार्जुन पिछली बार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आए थे और खूब वाहवाही लूटी थी। अब उनकी फिल्म 'किंग 100' से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जिसके बाद उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। खबर है कि तब्बू फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।

***फिल्म में बेहद अहम भूमिका निभाएंगी तब्बू :*** रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू से जब इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई। उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट और इसमें अपना किरदार पसंद आया है। इस फिल्म में तब्बू के साथ नागार्जुन को रोमांस करते नहीं देखा जाएगा, बल्कि उन्हें इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए साइन किया गया है। तब्बू और नागार्जुन पर्दे पर पहले भी धमाल मचा चुके हैं। ऐसे में ये फिल्म उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।



***इन फिल्मों में साथ काम कर चुके नागार्जुन और तब्बू :*** तब्बू और नागार्जुन की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया था। आखिरी बार उन्हें साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'आविदा मां आविदे' में देखा गया था। फिल्म को तमिल भाषा में डब किया गया था, वहीं हिंदी में 'बीवी नंबर 2' नाम से इसका रीमेक बनाया गया था। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'निन्ने पेलाडाटा' के लिए साथ आए थे। उधर नागार्जुन की कॉमेडी फिल्म 'सिसिंदरी' में तब्बू ने कैमियो किया था।

### नागार्जुन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खूब चर्चा में रहीं तब्बू

नागार्जुन और तब्बू अपने अफेयर को लेकर खूब चर्चा में रहे। नागार्जुन ने पहली शादी लक्ष्मी तो दूसरी शादी अमला अक्किनेनी से की। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जिंदगी में तब्बू को एंट्री दी। बताया जाता है कि दोनों ने करीब 10 साल तक एक-दूसरे को डेट किया था।हालांकि, नागार्जुन के शादीशुदा होने के चलते उनके इस रिश्ते को कोई मंजिल नहीं मिल पाई। अभिनेता ने खुद एक इंटरव्यू में तब्बू के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार किया था।

# शाहरुख की 'किंग' पर निर्देशक की पोस्ट से फैंस उत्सुक

**मुंबई।** शाहरुख खान को 2023 में आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था। अब उनकी अगली फिल्म 'किंग' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग का कुछ हिस्सा अभी बाकी है। इस बीच निर्देशक ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया है, जिसने लोगों के दिलों की धड़कनों को तेज कर दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' को लेकर कुछ नया अपडेट आने वाला है।



***सिद्धार्थ की पोस्ट देख बढ़ी उत्सुकता :*** सिद्धार्थ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, 'टिक. टॉक. टिक. टॉक।' ये पोस्ट जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'टिक टॉक... बैंग बूम... जितना बड़ा **#SRKian**, उतनी तेज धड़कन। मेरी तो भगदड़ मच गई।।' दूसरे ने लिखा, 'यह आ रहा है... 2 नवंबर... **#KING** का पहला लुक लोड हो रहा है।' खैर प्रशंसक 'किंग' पर निर्माताओं की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

***फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे:*** ये पहला मौका होगा, जब 'किंग' में शाहरुख को अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखा जाएगा। रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा, राघव जुयाल और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज को 2027 तक के लिए टाल दिया गया है। बता दें कि शाहरुख को हाल ही में फिल्म 'जवान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ये फिल्म सितंबर, 2023 में रिलीज हुई थी।

## बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है

# मोहनलाल की 'वृषभ' को टक्कर देंगी द गर्ल फ्रेंड और जटाधारा

***मुंबई।*** *सुपरस्टार मोहनलाल को हाल ही में भारतीय सिनेमा का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दादा साहेब फाल्के से सम्मानित किया गया था। मलयालम से लेकर हिंदी तक, कई अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके मोहनलाल एक ओर जहां ममूटी के साथ अपनी फिल्म 'पेट्रियट' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ की राह भी उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। अब अभिनेता ने अपनी इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है।*

### 6 नवंबर को रिलीज हो रही फिल्म

मोहनलाल ने एक्स पर फिल्म से अपना धांसू पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'धरती हिल रही है। आसमान जल रहा है। नियति ने अपना योद्धा चुन लिया है। 'वृषभ' 6 नवंबर को आ रही है।' बता दें कि पहले ये फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे नवंबर तक के लिए टाल दिया गया है। मोहनलाल के प्रशंसक सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

### 7 नवंबर को आ रहीं ये 2 फिल्में

'वृषभ' जहां 6 नवंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी, वहीं रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के साथ 7 नवंबर को बड़े पर्दे पर हाजिरी लगाने वाली हैं। उनकी ये फिल्म तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। उधर सोनाक्षी सिन्हा भी 7 नवंबर को ही अभिनेता सुधीर बाबू के साथ 'जटाधारा' लेकर सिनेमाघरों का रुख करेंगी। बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है, फिलहाल ये देखना दिलस्प होगा।







### आते ही छा गया था 'वृषभ' का टीजर

इस साल सितंबर में 'वृषभ' का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे देख दर्शकों ने भविष्यवाणी कर दी थी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा देगी। योद्धा बने मोहनलाल के एक्शन भरे अंदाज ने लोगों को बाहुबली की याद दिला दी थी। नंद किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टीजर ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था। प्यार, तकदीर और बदले की दास्तां कहती ये फिल्म बाप-बेटी के अटूट रिश्ते का जश्न मनाती दिखेगी।

### शनाया कपूर इस फिल्म से कर रहीं साउथ में एंट्री

एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण हो रहा है और एक और खास बात ये है कि इसके जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर साउथ में कदम रख रही हैं। ये उनकी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है। इससे पहले शनाया ने विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

## खबर संक्षेप

### लायंस स्कूल में स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता सत्र का आयोजन



**चांपा।** लायंस क्लब चांपा द्वारा लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को दोपहर 12:30 बजे स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन के एच अस्पताल चांपा से विशिष्ट वक्ता डॉ. तुषार करवट (जनरल सर्जन), डॉ. अरविंद एक्का (स्त्री रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. संजना (एनेस्थिसियोलॉजिस्ट) मेडिकल डायरेक्टर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करने उपरांत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अजीथा वी कुमार के स्वागत भाषण से हुआ। डॉ. तुषार करवट ने सत्र को संबोधित करते हुवे "गैस्ट्राइटिस" विषय पर जानकारी दी तथा जीवनशैली और आहार में सुधार पर बल . अरविंद एक्का ने "महिला भ्रूण हत्या" के रोक पर समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता बताई। डॉ. संजना ने स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए समय पर उपचार कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में लायन रामप्रपन्न देवांगन (चेयरमैन, लायंस एजुकेशनल सोसाइटी, चांपा), लायन संतोष कुमार सोनी (अध्यक्ष, लायंस क्लब, चांपा), लायन डॉ. वी. के. अग्रवाल पूर्व प्रांतपाल , लायन राजेश अग्रवाल सचिव, लायन डॉ. के. पी. राठौर वाइस चेयरमैन , लायन डॉ संतोष अग्रवाल तथा लायन वासुदेव देवांगन कोषाध्यक्ष लायन विनोद अग्रवाल , लायन बैजनाथ देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सुश्री जया अग्रवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन लायन संतोष सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिता के लिए आकाश चयनित



**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल के छात्र आकाश सिंह क्षत्रिय ने शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)के अंतर्गत जानकी कॉलेज ऑफ एजुकेशन धनुहारडेरा रायगढ़ में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन योगा (पुरुष) प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता सहित महाविद्यालय का नाम रोशन किया। आकाश 24 से 28 नवंबर के बीच चेन्नई के वेल्स इंस्टीट्यूट आफ साइंस में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिता में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। आकाश सिंह क्षत्रिय एमएससी वनस्पति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर के छात्र हैं। इस उपलब्धि परमहाविद्यालय के संचालक डॉ. जे के जैन एवं प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने आकाश को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

### सामाजिक अंकेक्षण में बीस बिन्दुओं पर चर्चा



**बिर्रा।** शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत बच्चों की गुणवत्ता जांचने के लिए सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पीलीबाई साहू , उपसरपंच विमला कश्यप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा, प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे सामाजिक अंकेक्षण नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार देवांगन, सेवानिवृत्त शिक्षक एन पी पटेल, व्याख्याता उमाशंकर मरकाम, व्याख्याता राकेश साहू, देवनारायण चौहान, सुशील नेताम, श्रीमती लक्ष्मी खुंटे , श्रीमती संगीता कश्यप, श्रीमती अनिता टोप्पो, सरस्वती कुंभकार, श्रीमती छतबाई कर्ष, व्यायाम शिक्षक मुकुंद कृष्ण पांडेय, लिपिक सतीश मैत्री,राजेश भैना, श्री अंजू सारथी की उपस्थिति में हुआ। सामाजिक अंकेक्षण में बीस बिन्दु पर चर्चा किया गया। जिसमें बच्चों को पुस्तक का वाचन कराया गया। वहीं आसपास के वस्तुएं के बारे में बच्चों से पूछा गया। इसके साथ ही सभी बच्चों को नियमित विघालय पहुंचने पर बात की साथ ही शिक्षक की कमी के अलावा सभी विषय की पढ़ाई के संबंध में चर्चा किया गया। वही पुस्तक और साईकिल वितरण पर चर्चा किया गया । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता देवनारायण चौहान एवं अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे ने किया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन

### रामकुमार बरेठ



**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम सिवनी के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार बरेठ का शुक्रवार 10 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे सब्जी वाले के नाम से अंचल में पहचाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। इस अवसर पर स्व जातीय बंधुओ के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### 180 रुपया से लेकर 600 रुपए पर लीटर बिक रहा डिस्टेंपर

# दीपावली त्यौहार को लेकर घरों की सफाई व रंगाई-पुताई में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मां लक्ष्मी की अगुवानी का पर्व दीपावली को लेकर लोग अपने घरों के साफ-सफाई के साथ रंग रोगन कार्य में जुट गए है। बाजारों में डिस्टेंपर 180 से लेकर 600 प्रति लीटर बिक रहा है बाजारों में अलग-अलग कंपनियों के डिस्टेंपर एवं मैजिक सामान की बिक्री हो रही है।

गौरतलब है देश के साथ साथ प्रदेश एवं जिले के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली इस वर्ष 20 अक्टुबर को मनाया जाएगा। दीपावली त्योहार को अब महज दस दिन का ही समय शेष बचा है। ऐसे में लोग पर्व को लेकर लोग अभी सही अपने घरों की साफ सफाई एवं रंग रोगन करने में जुट गए हैं। इसके लिए तकरीबन 10 से 15 दिनों पूर्व से ही घरों में तैयारी चल रही है। दीपावली त्यौहार को लेकर बाजारों में भी अलग-अलग कंपनियों के डिस्टेंपर एवं मैजिक की बिक्री हो रही है वहीं के दाम 180 प्रति लीटर से लेकर 600 प्रति लीटर तक नैरोलैक इंडिगो एशियन पेंट सहित अन्य विभिन्न प्रकार के कंपनियों के डिस्टेंपर बाजारों में बिक रहे हैं। इसी प्रकार मैजिक सेम प्रति 25 किलोग्राम 350 की दर से बिक रहा है। इधर दीपावली त्यौहार को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर के अलावा चांपा, अकलतरा, सक्ती, बलौदा पामगढ़, मालखरौदा, बाराद्वार, शिवरीनारायण सहित अन्य प्रमुख शहरों में दुकानें अभी से ही सजनी प्रारंभ हो गई है। लोग धीरे-धीरे अपने आवश्यकताओं के अनुसार घरों के साफ-सफाई एवं रंग रोगन को लेकर पेंट डिस्टेंपर की खरीदी भी कर रहे हैं। हालांकि इस बार भी डिस्टेंपर के दामों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अभी मुख्य रूप से इन दिनों बाजारों में पेंट डिस्टेंपर की ज्यादा मांग है। इसके बाद त्यौहार नजदीक आने पर लोग अपनी आवश्यकतानुसार कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, टीवी, फ्रिज सहित अन्य सामानों की खरीदारी अपने जरूरत के अनुसार करते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में इन दिनों ज्यादातर लिपाई-पुताई का काम चल रहा है। इसके लिए श्रमिकों की सेवाएं भी ली जा रही है। इस संबंध में रंग पेंट बेचने वाले दुकान संचालकों का कहना है कि दीपावली त्यौहार को लेकर ग्राहक पेंट लेने पहुंच रहे हैं। इस बार डिस्टेंपर के दामों में मामूली वृद्धि हुई है। पेंट के दाम 180 प्रति लीटर से लेकर 600 तक मिल रहे हैं।





घर की पुताई करता मजदूर एवं दुकान में बिक्री के लिए रखा पेंट।

## मलखंभ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



मलखंभ का प्रदर्शन करता छात्र।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालयीन मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ द्वारा 7 अक्टूबर को मलखंभ अखाड़ा , कुटराबोड़ में संपन्न किया गया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने मलखंभ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी सुश्री मीरा टंडन ने प्रतियोगिता का संक्षिप्त में विवरण देते हुए बताया कि क्रीड़ा प्रतियोगिताओं से प्रतिभागियों में खेल की भावना जागृत होती है जिससे जीवन में सकारात्मकता व सद्भावना आती है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.एस.आर.महेंद्र ने बताया खेल गतिविधिया जीवन में अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों को विकसित करने में मदद करता है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एस.के त्रिपाठी के द्वारा बताया गया व्यक्तित्व के विकास के लिए खेलकूद बहुत महत्वपूर्ण होता है। डॉ आशीष तिवारी के द्वारा छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की गई। प्रतियोगिता में विश्वास विश्वकर्मा, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद ,प्रभात कुमार, अतिथि क्रीडा प्रभारी नवीन शासकीय महाविद्यालय केरा की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विजेता छात्र अखिलेश कुमार दिनकर डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़,उपविजेता रविंद्र कुमार चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय पामगढ़ रहे। बालिका वर्ग में विजेता छात्रा डिंपी सिंह डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़, उपविजेता आराधना जांगड़े चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय पामगढ़ रहे। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। इन छात्रों का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंभ प्रतियोगिता में होने पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्रीमती चांदनी छाबड़ा, श्रीमती संतोषी उराव, श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर सुमन द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का मुख्य उद्देश्य उत्पादन को बढ़ाना देना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर नई दिल्ली से 11 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजन हुआ।

■ पीएम धन धान्य कृषि योजना का विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर हुआ आयोजन

इस योजना का लक्ष्य 6 वर्षों के लिये 24000 करोड़ रूपये के वार्षिक परिव्यय के साथ 100 कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कृषि उत्पादकता को बढ़ाना देना, फसल विविधीकरण और टिकाउ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल उपरांत भण्डारण क्षमता बढ़ाना देना, विश्वसनीय जल पहुंच के लिये सिचाई बुनयादी ढांचे में सुधार करना तथा किसानों के लिये अल्प कालिक और दीर्घ कालिक कृषि ऋण तक अधिक पहुंच को सक्षम बनाना। जिला मुख्यालय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सक्ती में मुख्य अतिथि श्रीमति विद्या सिदार, सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत सक्ती,श्रीमति नीतू ऋषि राय,अध्यक्ष जनपद पंचायत बंशीधर खांडे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती टंकेश्वर पटेल, सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत सक्ती ऋषि राय विधायक, प्रतिनिधि विधानसभा सक्ती एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं कृषकगण भी उपस्थित रहे। इसी अनुक्रम में विकासखण्ड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जैजैपुर में भी जनप्रतिनिधि एवं कृषक गणों की उपस्थिति रही, तथा विकासखण्ड मालखरौदा में जनपद पचायत मालखरौदा भवन में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद अध्यक्ष कविशरण वर्मा, कृषि स्थायी सभापति श्रीमति ललीता डहरिया, निर्माण सभापति मनोज सक्सेना, सरपंच ग्राम कलमी दुजराम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बुदेश्वर नाविक बीरभांठा एवं जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अधिकारीगण एवं कृषकगण उपस्थित रहें। विकासखण्ड डभरा में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी में सम्पन्न हुआ, जिसमें उत्तम कुंभार चंद्रा, कृषि सभापति, दीपक साहू, दिनेश बरेठ एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभाग के अधिकारी एवं कृषकगण भी उपस्थित रहें।

## बिर्रा में महालक्ष्मी पूजा उत्सव 18 से

**बिर्रा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दाऊमुहल्ला व शांति चौक बिर्रा में पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजा महोत्सव 18 अक्टूबर दिन शनिवार को शुभारंभ किया जाएगा। महालक्ष्मी पूजा महोत्सव लगातार 5 दिन 23 अक्टूबर तक चलेगा । महालक्ष्मी की महाआरती सुबह 8 बजे एवं शाम की आरती 7 बजकर 30 मिनट में होगा। महालक्ष्मी पूजा 18 अक्टूबर दिन शनिवार धनतेरस को देव आव्हान, 19 अक्टूबर रविवार नरक चतुर्दशी यम पूजा, 20 अक्टूबर सोमवार को दीपावली 108 दीप प्रज्वलित ,21अक्टूबर मंगलवार को लक्ष्मी सरस्वती कुबेर पूजा, 22अक्टूबर बुधवार को अन्नकूट ब्राम्हण भोज, 23 अक्टूबर गुरूवार पूर्णाहुति हवन सहस्त्र धारा, 24 अक्टूबर शुक्रवार को कर्मा नृत्य कीर्तन मंडली के साथ महालक्ष्मी मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजा को लेकर दाऊमुहल्ला बिर्रा व शांति चौक बिर्रा के समिति के सदस्य और मुहल्ले वासी ने कार्यक्रम को प्रचार प्रसार करने एवं अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां करने में जुटे हुए हैं।

## पांचवें दिन आचार्य ने सुनाई शिव व सती विवाह की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा सुनाते पंडित मनोज पांडेय।

समीपस्थ ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के पांचवें दिन ब्यास आचार्य पंडित मनोज पांडे ने शिव और सती विवाह का वर्णन किया।

■ शिव महापुराण सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

ब्यास आचार्य पं. मनोज पांडेय ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव जी और उनके श्वसुर दक्ष जी में मनो मालिन्य क्यों हुआ ? दक्ष जी शिव जी को तत्व से नहीं जान पाए एक साधारण वर में जो गुण होने चाहिए कुल, शील, रूप, विद्या , वय अर्थात अवस्था या आयु , द्रविड़ अर्थात धन और धाम अर्थात मकान। साधारण वर के लिए इन मापदंडों पर विचार किया जाता है। कन्या के लिए वर चयन करते समय शिवजी देवाधिदेव हैं महादेव हैं योगेश्वर हैं बड़े-बड़े जोगियो के भी ईश्वर हैं परमेश्वर हैं परंतु उनके इस ऐश्वर्यको प्रभाव को दक्ष जी नहीं समझ पाए और अपनी कन्या सती का विवाह वह अन्यत्र करना चाहते थे परंतु सती ने नंदा व्रत किया और जब उनका स्वयंवर हो रहा था तो भूमि पर शिवाय नमः लिखकर के माला वहीं अर्पित कर दिया और इस प्रकार सती जी और शिवजी का विवाह हुआ। इस विवाह में दक्ष जी की हार्दिक सहमति नहीं थी परंतु पुत्री के आगे हुए विवश हो गए विवाह के कुछ वर्ष पश्चात प्रज्ञा के यज्ञ में ब्रह्मा जी शिव जी और अन्य देवता ऋषिगण पहले से विराजमान थे। इस यज्ञ में सभा में दक्ष जी का आगमन हुआ अन्य ऋषि मुनियों ने देवताओं ने ब्रह्मा जी का पुत्र मानकर प्रजापति लोक का स्वामी मानकर दक्ष का सम्मान किया खड़े हो गए परंतु ब्रह्मा जी और शिवजी बैठे ही रहे ब्रह्मा जी पिता हैं इसलिए उनके बैठे रहने से दक्ष नाराज नहीं हुए परंतु शिव को दामाद समझकर पुत्र समान समझ कर उनसे आदर की अपेक्षा रख रहे थे । शिवजी जब दक्ष के सम्मान में खड़े नहीं हुए अभिवादन करते नहीं दिखे तो दक्ष नाराज हुए। कथा श्रवण करने मुख्य यजमान श्रीमती आशा कृष्णकांत तिवारी के साथ जगदीश तिवारी, विजय तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश तिवारी, कमलकांत तिवारी, दीपक तिवारी, अरविंद तिवारी, श्रीकांत शुक्ला, माधव प्रसाद पाण्डेय, जीवराखन तिवारी, राकेश पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, गोरेलाल मिश्रा, के साथ आयोजक परिवार और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## करही में खिला ब्रह्मकमल



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम करही में बालेश्वर सिंह ठाकुर के यहां एक अद्भुत व दुर्लभ दृश्य देखने को मिला। उनके घर के आंगन में गमले में लगाया गया था। अचानक रात्रि में तीन ब्रह्मकमल एक साथ खिले हुए दिखाई दिया। ब्रह्मकमल को हिन्दू धर्म में पवित्रता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। यह फूल केवल रात में खिलता है और कुछ ही घंटों में मुरझा जाता है। उनके घर में तीन ब्रह्मकमल का फूल एक साथ खिलने की खबर आसपास के लोगों को मिलने पर इसे देखने के लिए पहुंचे और पूजन किय। फूलों की मनमोहक सुगंध और दिव्यता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिवारजनों का कहना है कि यह उनके जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ब्रह्मकमल का खिलना शुभ संकेत माना जाता है। इसके साथ ही इसका मोहल्ले वासियों के द्वारा पूजा अर्चना भी किया गया है।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीक को अपनाना जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे वन नेशन वन एग्रीकल्चर वन टीम कार्यक्रम के तहत एनएसएस इकाई विद्या निकेतन उचत्तर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विद्यालय में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जेपी बघेल पूर्व कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार पांडेय संचालक विद्यानिकेतन एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार मिरे प्राचार्य,विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ने किया। जेपी बघेल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाना, मृदा स्वास्थ्य में सुधार, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और फसल विविधीकरण शामिल है। इस अभियान के तहत 2,170 विशेषज्ञ टीमें किसानों को बीज, उर्वरक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दे रही हैं।आगे उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विज्ञान को किसानों से जोड़कर उत्पादन बढ़ाना और लागत घटाना है, जिससे किसानों की आय और समृद्धि बढ़े। अतः आने वाली नस्लों को विकसित कृषि को अपना कर अपनी आय के स्त्रोत एवं जनसंख्या के लिए खाद्यान्न की उपलब्धता कराना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हमारी मुख्य जिम्मेदारी है अतः हमें रासायनिक उर्वरक के स्थान पर जैविक उर्वरक की तरफ अग्रसर होना पड़ेगा इसके लिए पशुधन से उपलब्ध उर्वरकों को कृषि कार्य में पुनः लाना पड़ेगा तभी हम अपने नवीन कृषि पद्धति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी वीरेंद्र कुमार खुंटे के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का आभार व्यक्त किया गया।

■ विद्या निकेतन उत्तर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में सेमिनार का किया गया आयोजन

### सात दिवसीय यात्रा में आस्था व सेवा का होगा अद्भुत संगम

# मां वैष्णो देवी सहित पांच स्थानों की धार्मिक यात्रा 13 नवम्बर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय जय मां वैष्णो देवी यात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी आगामी 13 से 19 नवम्बर तक मां वैष्णो देवी के दर्शन सहित देश के पांच धार्मिक स्थलों की अमित एक्सप्रेस से यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह सात दिवसीय धार्मिक यात्रा इस बार भी आस्था व सेवा का अद्भुत संगम साबित होगी। इस वर्ष समिति के सक्रिय सदस्य रहे स्व. अमित नेवर की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप यात्रा स्पेशल ट्रेन को अमित एक्सप्रेस का नाम दिया गया है।

यह जानकारी शनिवार 11 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से अग्रसेन मार्ग स्थित हॉटल सुमीत- इन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के सदस्यों ने संयुक्त रुप से दी। उन्होंने बताया कि चांपा नगर सहित आसपास के श्रद्धालुओं के लिए समिति द्वारा वर्ष 2007 से निरंतर धार्मिक यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष की यात्रा विशेष रुप से समिति के प्रमुख तथा सक्रिय सदस्य रहें अमित नेवर की स्मृति को समर्पित रहेगी। इस वर्ष आगामी 13 से 19 नवम्बर तक आयोजित की जाने वाली सात दिवसीय यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी के अलावा अयोध्या धाम दर्शन, मथुरा-वृंदावन की भक्ति यात्रा तथा हरिद्वार में गंगा आरती दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित कराया जायेगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष यात्रा के लिए सहयोग राशि 11100 रु. निर्धारित की गई है तथा पूर्व की तरह इस बार भी यात्रियों के लिए नाश्ता, भोजन व ठहरने की व्यवस्था समिति द्वारा की जायेगी। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार की यात्रा भी एक सफर नहीं वरन आस्था, भक्ति, सेवा और एक जुटता का प्रतीक होगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यात्रा को हर बार की तरह इस बार भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कार्यालय का शुभारंभ सोमवार 13 अक्टूबर को सायं 6 बजे से डिडवानिया काम्पलेक्स के सामने किया जा रहा है। इसके बाद यात्रा टिकट की बुकिंग प्रारंभ कर दी जायेगी। चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों में दिलीप मीरचंदानी, पवन यादव, मनोज विरानी, राम खूबवानी, मनोज अग्रवाल, दीपक चंदानी, कृष्णा देवांगन, भुवनेश्वर राठौर, अजय विरानी, अनिल विरानी, दिनेश थवाईत, पप्पन चेतानी तथा पुरुषोत्तम शर्मा मौजूद थे।



पत्रकारों से चर्चा करते समिति के सदस्य।